>

Title : Need to provide funds from the Railway grants for the maintenance of civic amenities in the railway zone of Mughalsarai Railway Division, Uttar Pradesh.

श्री रामकिशुन (चन्दौली): उत्तर प्रदेश के मुगलसराय में स्थित रेलवे क्षेत्र के अंतर्गत रेल कर्मचारियों/अधिकारियों/नागरिकों के कल्याण एवं अन्य नागरिक सुविधाओं हेतु उ0प्र0 सरकार द्वारा रेलवे सेटलमेंट बोर्ड का गठन किया गया था। इस रेलवे सेटलमेंट बोर्ड के द्वारा मुगलसराय रेलवे क्षेत्र में विकास कार्य गुणवत्ता के साथ किए जाते थे। रेलवे सेटलमेंट बोर्ड को उत्तर प्रदेश सरकार धन मुहैया कराती थी। बोर्ड के माध्यम से रेलवे क्षेत्र में स्थित आवासीय परिसर, सड़क, सीवर आदि के रख-रखाव के साथ जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र आदि जारी करने की सुविधा प्राप्त थी। लेकिन रेलवे की सिफारिश पर रेलवे सेटलमेंट बोर्ड को समाप्त करा दिया गया जिससे आज रेलवे क्षेत्र में स्थित आवासीय परिसर, सड़क, सीवर आदि की स्थिति दयनीय बनी हुई है।

अतः मैं केन्द्र सरकार से मांग करता हूं कि जिस तरह की सुविधाएं मुगलसराय रेलवे क्षेत्र में रेलवे सेटलमेंट बोर्ड के द्वारा जिस गुणवत्ता के साथ उपलब्ध करायी जाती थी, उसकी क्षति पूर्ति के लिए रेलवे, मुगलसराय रेलवे क्षेत्र के विकास कार्य आदि की विशेष सुविधा हेतु बोर्ड के अनुरूप ही धन उपलब्ध कराकर अन्य कल्याणकारी योजना, सामाजिक सुविधाओं के साथ-साथ रेलवे क्षेत्र परिसर में स्थित दो-तीन सरोवर के घाट आदि का निर्माण एवं मरम्मती, रख-रखाव कार्य सुचारू रूप से करायें।

---

* Treated as laid on the Table.